सशक्तिकरण के साथ अधिकार भी प्राप्त

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अनुभा जैन अध्यक्ष रोटरी क्लब भिलाई, विशेष अतिथि श्रीमती मिनाक्षी अग्रवाल अध्यक्ष लायन्स क्लब दुर्ग सिटी, कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र तिवारी एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ . जी .एन . कटहरे मंच पर आसीन थे . मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलाओं को सशक्तिकरण के साथ अधिकार प्राप्त हैं . समाज को हमारी आवश्यकता है . इस अवसर पर महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अन्तर्गत जो कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था एवं जिनके द्वारा प्रशिक्षण दिया गया उन्हें महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया . इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं व प्राध्यापकगण उपस्थित थे . कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन डॉ . दुर्गा शुक्ला ने किया .